**खबर संक्षेप**

### भावांतर योजना में सोयाबीन का मॉडल रेट 4207 रुपए जारी

**सीहोर।** भावांतर योजना 2025 के अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए मॉडल रेट नियमित रूप से जारी किया जा रहा है। गुरुवार 11 दिसंबर को 4207 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है। यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है। इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी। मॉडल रेट और न्यूनतम समर्थन मूल्य के भावांतर की राशि राज्य सरकार द्वारा दी जा रही है। सोयाबीन का पहला मॉडल रेट 7 नवंबर को 4020 रुपए प्रति क्विंटल जारी किया गया था। इसी तरह 8 नवंबर को 4033 रुपए, 9 और 10 नवंबर को 4036 रुपए, 11 नवंबर को 4056 रुपए, 12 नवंबर को 4077 रुपए, 13 नवंबर को 4130 रुपए, 14 नवंबर को 4184 रुपए, 15 नवंबर को 4225 रुपए, 16 नवंबर को 4234 रुपए, 17 नवंबर को 4236 रुपए, 18 नवंबर को 4255 रुपए, 19 नवंबर को 4263 रुपए, 20 नवंबर को 4267 रुपए, 21 नवंबर को 4271 रुपए, 22 नवंबर को 4285 रुपए, 23 एवं 24 नवंबर को 4282 रुपए, 25 नवंबर को 4277 रुपए, 26 नवंबर को 4265 रुपए, 27 नवंबर को 4252 रुपए, 28 नवंबर को 4260 रुपए, 29 नवंबर को 4240 रुपए और 30 नवंबर को 4237 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया था। इसी तरह 1 दिसंबर को 4239 रुपए, 2 दिसंबर को 4235 रुपए, 3 दिसंबर को 4240 रुपए, 4 दिसंबर को 4235 रुपए था।

## ब्रिज निर्माण की खामियां गिनाते हुए कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन, कुंभी करणी नाटक कर सिस्टम का उड़ाया मखौल

# 3 की जगह 5 हजार स्क्वायर फीट करें भूमि अधिग्रहण, लोगों को मिले सर्विस रोडः राजीव

नुक्कड़ नाटक से बताई निर्माणाधीन ओवर ब्रिज की गंभीर लापरवाही, कुंभकर्णी नींद में किए गए पुल निर्माण कार्य की ड्राइंग डिजाइन के विरोध में कांग्रेस का अनोखा प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




सीहोर में हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के पास बन रहे ब्रिज में अनियमितताओं, गलत डिजाइन और गंभीर लापरवाही के आरोपों को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने गुरुवार को जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ब्रिज निर्माण में हुई खामियों को उजागर किया और सर्विस रोड की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया।

### कांग्रेस के गंभीर आरोप - गलत डिजाइन, बिना सर्वे निर्माण, बार-बार बदली ड्राइंग

राजीव गुजराती ने कहा कि ब्रिज कॉर्पोरेशन ने बिना जमीनी सर्वे किए गलत ड्राइंग तैयार की। निर्माण के दौरान बार-बार डिजाइन बदली गई, लेकिन कारण नहीं बताया गया। निजी भूमि अधिग्रहण न होने का दावा गलत निकला, अब 3000 वर्गफीट भूमि अधिग्रहित की जा रही है।

कांग्रेस ने यह अधिग्रहण 5000 वर्गफीट तक बढ़ाने और स्थायी समाधान के तौर पर सर्विस रोड बनाने की मांग की।

**पीडब्ल्यूडी सेतु विभाग की कार्यवाही पर सवाल :** कांग्रेस ने बताया कि दिसंबर 2023 में ब्रिज निर्माण का कार्य आदेश जारी हुआ। जनवरी 2024 से निर्माण शुरू किया गया, उस समय तक निजी भूमि की जरूरत नहीं थी। सितंबर 2023 की ड्राइंग के मुताबिक ब्रिज हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के मुख्य मार्ग से पहले ही खत्म होना था लेकिन अप्रैल 2024 में अचानक ड्राइंग बदल दी गई।

नए प्रस्ताव में हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी का रास्ता बंद करने की बात कही गई। कोई वैकल्पिक मार्ग नहीं दिया गया। मौजूदा निर्माण को तोड़कर ब्रिज को निजी जमीन की ओर मोड़ दिया गया। सितंबर 2025 तक यह ब्रिज निजी भूमि के किनारे अधूरा खड़ा रहने की स्थिति में पहुंच गया।



### कांग्रेस की मांगः सर्विस रोड निर्माण और तकनीकी खामियों की जांच

जिला कांग्रेस ने ब्रिज निर्माण में तकनीकी गड़बड़ियों, मनमाने डिजाइन बदलावों, निजी भूमि अधिग्रहण में अनियमितता की जांच कराने की मांग की है। साथ ही हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी की जनता की सुविधा के लिए सर्विस रोड को तत्काल स्वीकृत करने पर जोर दिया है।

### निवासियों की परेशानियां : रास्ता बंद, गिरने की घटनाएँ, कोई सुनवाई नहीं

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के निवासियों ने विपक्ष और प्रशासन दोनों को बताया कि उनका मुख्य पहुंच मार्ग पूरी तरह बंद हो गया। बारिश में गिरने और फिसलने की घटनाएं हुईं। न कोई वैकल्पिक रास्ता दिया गया, न समस्या का समाधान। कई बार धरना, विरोध और शिकायतें करने के बाद भी अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौन रहे।

# वीआईटी ने सरकार को दिया 49 पन्नों का जवाब...



**सीहोर।** राज्य सरकार द्वारा जारी शो-कॉज नोटिस के जवाब में वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी प्रशासन ने 49 पन्नों का जवाब भेजकर सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। विश्वविद्यालय ने अपने जवाब में कहा है कि आरोप भ्रमजनक, तथ्यहीन और गलत जानकारी पर आधारित हैं। वहीं छात्र विरोध-प्रदर्शन फर्जी खबरों और सोशल मीडिया की अफवाहों से प्रेरित था, जिसके कारण कैंपस में हिंसा और तोडफ़ोड़ की घटनाएं हुईं।

वीआईटी प्रबंधन ने अपने जवाब में सफाई दी कि 8 बॉयज और 2 गर्ल्स हॉस्टल के लिए भोजन व्यवस्था इंदौर, भोपाल और चेन्नई के प्रतिष्ठित केटरर्स द्वारा की जाती है। भोजन मेन्यू मासिक आधार पर स्टूडेंट फूड कमेटी तय करती है और छात्र फीडबैक पर तुरंत एक्शन लिया जाता है। पानी की गुणवत्ता की नियमित जांच आईएसओ 10500 मानकों के अनुसार होती है। कैंपस में उन्नत ओजोनाइजर, सैंड फिल्टर्स और वॉटर सॉफ्टनर लगाए गए हैं।

**टेस्टिंग लैब :** प्रबंधन ने घोषणा की है कि जल्द ही कैंपस में फूड और वॉटर टेस्टिंग लैब स्थापित की जाएगी, जिसके परिणाम विश्वविद्यालय पोर्टल पर सार्वजनिक किए जाएंगे।

**पीलिया के मामलों पर स्पष्टीकरण :** यूनिवर्सिटी ने दावा किया कि कुल 17,121 छात्रों में से केवल 35 विद्यार्थियों में ही पीलिया के लक्षण पाए गए। उन्हें तुरंत मेडिकल सहायता दी गई। कैंपस में 8-बेड की मेडिकल सुविधा, 4 डॉक्टर और 6 नर्सें 24 घंटे उपलब्ध रहती हैं। गंभीर मामलों को चिरायु अस्पताल और अन्य मान्यता प्राप्त अस्पतालों में रेफर किया जाता है। छात्रों की मेडिकल रिपोर्ट न दिए जाने के आरोप को तथ्यहीन बताते हुए कहा गया कि यह रिकॉर्ड पहले ही संबंधित समिति को सौंपा जा चुका है।

### विरोध-प्रदर्शन की वजह फेक न्यूज

वीआईटी प्रशासन ने दावा किया कि विवाद की मुख्य वजह फेक न्यूज और अफफवाहें थीं। 25 नवंबर को सोशल मीडिया पर तीन छात्रों की मौत और 300 के गंभीर हालत जैसी फर्जी खबरें फैलाई गईं। छात्र वॉट्सएप ग्रुप में भड़क़ाऊ संदेश प्रसारित हुए, जिसके बाद कुछ छात्रों ने विरोध-प्रदर्शन किया।

### परिसर में तोड़फोड़

प्रबंधन ने बताया कि प्रदर्शन के दौरान एक एम्बुलेंस, एक बस और तीन कारों को जला दिया गया। हॉस्टल व सर्विलांस बिल्डिंग का सीसीटीवी सिस्टम नष्ट किया गया। साथ ही लैब कॉम्प्लेक्स में तोडफ़ोड़ कर कंप्यूटर हार्डवेयर और गेमिंग च्बे को नुकसान पहुंचाया गया। वार्डन और सुरक्षा कर्मियों पर दुर्व्यवहार और शारीरिक हमले भी हुए।


### प्रबंधन की मांग, नोटिस वापस लिया जाए

यूनिवर्सिटी ने सरकार से अपील की है कि शो-कॉज नोटिस असत्य और अपुष्ट सूचनाओं पर आधारित है, जबकि संस्थान ने सभी मानकों का पालन किया है। वीआईटी भोपाल ने सरकार से नोटिस वापस लिए जाने और सुनवाई का अवसर देकर तथ्यों को स्पष्ट करने की मांग की है। जवाब में संस्थान ने 2017 में स्थापना के बाद से अपनी उपलब्धियां जैसे वैश्विक एमओयू 100 प्रतिशत डॉक्टरेट फैकल्टी और मजबूत प्लेसमेंट रिकॉर्ड का भी उल्लेख किया है।

## बीएलओ को ई-अटेडेंस से मुक्त रखने की उठी मांग

# एसआईआर में नंबर-1 लाना पड़ा महंगा, 1724 शिक्षकों का वेतन रोका

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




एसआईआर मामले में जिले को प्रदेश के अग्रणी जिलों में शामिल करवाने और जिला कलेक्टर को तारीफ दिलाने वाले जिले के 1724 शिक्षकों का दिसंबर का वेतन रोक दिया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने 'हमारे शिक्षक' ई.गवर्नेंस प्लेटफॉर्म पर अपनी अवकाश/उपस्थिति दर्ज न करने वाले 1,724 कर्मचारियों का दिसंबर माह का वेतन रोकने का आदेश जारी किया है। इधर जिला मुख्यालय पर एसआईआर काम में लगे बीएलओ ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर सभी बीएलओ को ई-अटेडेंस से मुक्त रखने की मांग की है। जारी आदेश में बताया गया कि आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय मप्र द्वारा भोपाल का पत्र 20 जून 2025 द्वारा नवीन तकनीक आधारित हमारे शिक्षक ई.गवर्नेंस प्लेटफार्म के माध्यम से अवकाश-उपस्थिति दर्ज करने हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके संबंध में पूर्व में भी हमारे शिक्षक एप पर अवकाश उपस्थिति दर्ज करने के लिए निरंतर पत्राचार निर्देशित किया गया, परंतु इसे गंभीरता से नहीं लिया गया है। उक्त के संबंध में समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारियों से हमारे शिक्षक एप पर 10 दिसंबर 2025 को अवकाश-उपस्थिति दर्ज नहीं करने वाले कर्मचारियों के प्राप्त प्रस्ताव के अनुक्रम में संलग्न 10 दिसंबर को ई.अटेंडेंस नहीं लगाने वाले कर्मचारियों का दिसम्बर माह का वेतन रोके जाने हेतु आहरण संवितरण अधिकारी एवं समस्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी जिला सीहोर को आदेशित किया जाता है।

जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर ने सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों, संकुल केंद्रों के प्राचार्यों और जिला कोषालय अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि वे सुनिश्चित करें कि संलग्न सूची के अनुसार इन कर्मचारियों का वेतन दिसंबर माह में आहरित न किया जाए और इसकी पालना रिपोर्ट कार्यालय को भेजी जाए।

**हरिभूमि**

**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 667. अजय भोरे पिता\पति कृष्णा राव भोरे पता- शिव विहार डुंडा रायपुर, 668. गिरीश कुमार शर्मा पिता\पति कुंजलाल शर्मा पता– रायपुर, 669. गजेन्द्र कुमार देवांगन पिता\पति लखन लाल देवांगन पता- 26 कृष्णा सखा सोसाइटी रोहणीपुरम, 670. सुरेश साहू पिता\पति मनोहर लाल साहू पता- कुशालपुर रायपुर, 671. लोकेश बंजारे पिता\पति पीलू राम बंजारे पता- देवपुरी रायपुर, 672. राम किसुन साहू पिता\पति श्री फेरु राम साहू पता- सेमरिया रायपुर, 673. गीतांजलि यादव पिता\पति टापेश यादव पता- अशोक नगर गुढ़ियारी, 674. कैना बाई जांगड़े पिता\पति कृपाल जांगड़े पता- रिखिया परा जवाहर नगर रायपुर, 675. शिव कुमार मसूरकर पिता\पति स्व.डी.जी. मसूरकर पता- बड़ा अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, 676. लेख राम धुरंधर पिता\पति डेहरा राम पता- बसारंग आरंग, 677. अक्षय कुमार साहू पिता\पति तिहारू राम साहू पता- नवापारा पीड, 678. पंकज साहू पिता\पति अनिरुध्र कुमार पता- हिन्छापुर सांकरा, 679.संजू सोनी पिता\पति गोपाल सोनी पता- आमापारा धमतरी, 680. चेष्टा साहू पिता\पति श्री मोहन लाल पता- भोथली धमतरी, 681. दिनेश्वरी निर्मलकर पिता\पति श्री लक्खू निर्मलकर पता- वार्ड न.-01 नाका पारा डोंगरगढ़, 682. हर्षिता अग्रवाल पिता\पति अनुपम अग्रवाल पता- गली बाज़ार वार्ड न.-12, 683. रश्मि साहू पिता\पति तारस लाल साहू पता- खैरी तुमड़ी बोड, 684. संजय वर्मा पिता\पति मोहन सिंह वर्मा पता- कन्तेली वार्ड न.02, 685. श्वेता शर्मा पिता\पति चन्द्र मोहन शर्मा पता-कांकेर, 686. चन्द्र किशोर साहू पिता\पति स्व.धरम राम साहू पता- सुमन पब्लिक स्कूल गुंडरदेही, 687. कुणाल कश्यप पिता\पति जोगेन्द्र कश्यप पता- जगदलपुर, 688. हरिशंकर पटेल पिता\पति कवलसिंह पटेल पता- जन्घोरा वि.ख.पिथौरा, 689. यशोदा निर्मलकर पिता\पति महेतरू निर्मलकर पता- मारुती वार्ड देवांगन पारा कवर्धा, 690. झड़ी राम यादव पिता\पति स्व.नाथू राम यादव पता- मोहरा, 691. माधव राम देवांगन पिता\पति रामनाथ देवांगन पता- जोंधरा पदर पारा कोंडागांव, 692. चुनेश्वरी मानिकपुरी पिता\पति ओंकार दास मानिकपुरी पता- गणेश किराना स्टोर वृंदा नगर भिलाई, 693. दुपत कुमार महतेल पिता\पति भीषम लाल महतेल पता- ग्राम-रूदा, 694. मो.मोइजुदीन पिता\पति मो.मोईनुद्दीन पता- जयंती नगर दुर्ग, 695. हुलेश कुमार देवांगन पिता\पति जनक लाल देवांगन पता- ग्राम व पोस्ट निकुम दुर्ग, 696. निधि साहू पिता\पति उपेन्द्र कुमार साहू पता- कुरूद, 697. नेहा साहू पिता\पति दमेंद्र कुमार साहू पता- आर्य नगर कोहका भिलाई, 698. चैतलाल देवांगन पिता\पति नकुल देवांगन पता- क्वार्टर न.5/H जोन-01 खुर्शिपार, 699. श्रीमती देवती पिता\पति बलिराम राम शर्मा पता- कैलाश नगर भिलाई, 700. कमल प्रसाद पिता\पति श्री अवध राम पता- वार्ड न.34 जी.केबिन चरौदा, 701. मुरारी प्रसाद देवांगन पिता\पति चुन्नी लाल देवांगन पता- कुथरेल थाना अंडा, **बिलासपुर संस्करण –** 702. प्रकाश कुमार गिरी पिता/पति राजकिशोर गिरी पता- परसाभाठा बालको, 703. अश्वनी कुमार पिता/पति स्व.सीताराम्र पता- दीपका कालोनी, 704. संतोष सिंह चंदेल पिता/पति लक्ष्मण सिंह चंदेल पता- बाल्कोनगर, 705. प्रमोद कुमार राठौर पिता/पति बाबूजी पता- हरदी बाजार, 706. अंजली बिंझवार पिता /पति अशोक कुमार बिंझवार पता- मड़वारानी, कोरबा, 707. रमेश कुमार राठौर पिता/पति सुखराम राठौर पता- हरदी बाजार कोरबा, 708. पलक अग्रवाल पिता/पति जगदीश प्रसाद अग्रवाल पता- हरदी बाजार कोरबा, 709. कुमारी दिव्या पिता/पति जे.पी.दिव्या पता- रामसागर पारा कोरबा, 710. अदिति ठाकुर पिता/पति राजेन्द्र सिंह ठाकुर पता- धनुहार पारा बाल्को, 711. नीतू देवी सिंह पिता/पति रविशंकर सिंह बाल्को कोरबा, 712. विवेक सोनी पिता/पति जगदीश सोनी पता- नेहरू नगर बाल्को कोरबा, 713. श्याम जी यादव पिता/पति लालजी यादव पता- दीपका बस्ती, 714. राकेश कुमार खूंटे पिता/पति बाबूलाल पता- रजगामार, 715. योगिता कुमारी पिता/पति मनोज यादव पता- परसाभाठा बालको, 716. अनुराधा पांडेय पिता /पति सुधांशु पांडेय पता- बाल्को, 717. अरूण कुमार पिता/पति उमेन्द्र राम बिंझवार पता- सण्डैल कोरबा, 718. चंद्रशेखर बिंझवार पिता/पति दाऊराम बिंझवार पता- सण्डैल कोरबा, 719. सुनीता विश्वाल पिता/पति एस.विश्वाल पता- शांति नगर बाल्को, 720. रमेश चौहान पिता /पति विशाल चौहान पता- शांति नगर बाल्को, 721. रामकुमार साहू पिता/पति पुनीराम साहू पता- परसाभाठा बालको, 722. सविता यादव पिता/पति पुनीत कुमार यादव पता- संगम नगर बालको, 723. फरहा आरिफ अहमद पिता/पति आरिफ अहमद पता- बालको, 724. गार्गी पाठक पिता/पति अवधेश नारायण पाठक पता- शांति नगर, बालको, **भोपाल संस्करण –** 725. हर्षित झोड़ पिता\पति सुनील झोड़ पता- पंचशील नगर भोपाल, 726. जयश्री बुनकर पिता\पति मनोज बुनकर पता- राजीव नगर कोटरा सुल्तानाबाद भोपाल, 727. खुशी रजक पिता\पति राजेश रजक पता- पुट्ठा मिलपुरानी कॉलोनी, 728. शिवा विश्वकर्मा पिता\पति लक्ष्मी नारायण पता- 7148 देवी नगर करोद, 729. रेणुका सिंह सोंलकी पिता\पति संतोष सिंह सोंलकी पता- 34 राज नगर पलासी, 730. रेणु विश्वकर्मा पिता\पति प्रदीप विश्वकर्मा पता- शंकर नगर विदिशा, 731. रामबाबू सेन पिता\पति मोती लाल सेन पता- बरईपुरा विदिशा, 732. लवयांश कुशवाह पिता\पति सुमित कुशवाह विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 733. रजनीश कौरव पिता\पति उत्तम सिंह कौरव पता- नर्मदा कॉलोनी गाडरवारा, 734. नूरीन फातिमा पिता\पति सैयद इस्तेयाक अली पता- सुभाष वार्ड गाडरवारा, 735. जयंत प्रताप गौतम पिता\पति संजय कुमार गौतम पता- सरकारी स्कूल के पास मंगल नगर कटनी, 736. मधुलिका बक्शी पिता\पति - कॉलोनी कटनी, 737. शिवन्या बर्मन पिता\पति राहुल बर्मन पता- शारदा मंदिर के पास बरगवां कटनी, 738. आदर्श कुमार नामदेव पिता\पति राम किशोर नामदेव पता- सिंगौड़ी, 739. अभिनव राय पिता\पति अभिषेक राय पता- सिंगौड़ी, 740. देवांशी काछी पिता\पति संदीप कई पता- सिंगौड़ी।

नियम एवं शर्तें लागू*

**शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि**

**खबर संक्षेप**



## 689 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई

**सीहोर।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत जिले की गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान प्रसव पूर्व देखभाल के लिये प्रत्येक माह की 9 एवं 25 तारीख को जिले के स्वास्थ्य केंद्रों पर देखभाल एवं स्वास्थ्य सेवाओं का निशुल्क लाभ प्रदान किया जा रहा है, ताकि गर्भावस्था और प्रसव के दौरान उनकी सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। अभियान के तहत 09 दिसंबर को जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर 689 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमें 122 गर्भवती महिलाएं हाई रिस्क पाई गईं। सीएमएचओ सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देना हैं। इस योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को निशुल्क जाँच, दवाएं, एवं परामर्श दिया जा रहा है। अभियान के तहत उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान एवं विशेष देखभाल की व्यवस्था की जा रही है। इसके तहत प्रसव के समय जटिल अवस्था में उच्च चिकित्सा केन्द्रो में रेफर किया जाता है।

### कलेक्टर ने आदेश जारी कर अवैध कॉलोनियों के निर्माण पर रोक लगाने के राजस्व अधिकारियों को दिए हैं निर्देश

# अनदेखी: प्रशासन की नाक के नीचे बिना परमिशन काटी जा रहीं अवैध कॉलोनियां

कॉलोनाइजर्स सुविधाओं का सपना दिखाकर कर रहे ग्राहकों से ठगी , बिना नामांतरण और डायवर्सन के खेत में चूना डालकर काट दिए प्लॉट

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

नगर में इस समय कॉलोनाइजर्स के हौसले काफी बुलंद हैं , वह खेतो की जमीन पर धड़ल्ले से अवैध कालोनी काट रहे है। इतना ही बिना डायवर्सन व नामांतरण के अपनी मनमर्जी प्लांटिंग कर सुविधाओं का लालच देकर ग्राहकों से ठगी कर रहे हैं। ऐसा ही एक ताजा मामला नगर में देखने को मिल रहा है। जिसमें कालोनाइजर स्टेट हाइवे के किनारे बिजली कार्यालय के बगल में तहसील कार्यालय से चंद मीटर की दूरी पर ही खेत में प्लॉट काट रहा। बताया जा रहा है कि उक्त जमीन का नामांतरण हुआ है और न ही डाइवर्जन कराया गया है। यह तक की शासन से किसी भी प्रकार की अनुमति भी नहीं ली गई है। जबकि हालही में जिला कलेक्टर द्वारा आदेश जारी कर अवैध कालोनियों के निर्माण पर सख्ती से रोक लगाने के निर्देश राजस्व अमले को दिये हैं। लेकिन इसके बावजूद अभी तक अधिकारियों ने इस कालोनाइजर के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है।

नगर सहित आस-पास क्षेत्र में कालोनाइजर पिछले कुछ समय से काफी सक्रिय बने हुए हैं। वह बड़ी संख्या में कृषि भूमि सहित अन्य भूखंडों पर आवासीय कॉलोनियों का निर्माण कर आवास के लिए भूखंडों का विक्रय कर रहे हैं। जबकि उक्त कॉलोनियों का निर्माण बिना मापदंड के किया जा रहा है। इनमें रहवासियों के लिए मुलभूत सुविधाओं का अभाव है। ऐसे में उपभोक्ताओं को कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। खासकर सड़क, सीवेज , पेयजलापूर्ति सहित अन्य सुविधाएं नहीं होने के कारण रहवासियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इतना ही नहीं गंदगी और कीचड़ की समस्या से भी जूझना पड़ता है। इन दिनों कॉलोनाइजर्स ने नगर के आसपास बड़ी संख्या में कृषि भूमि खरीद कर बिना कालोनियों का निर्माण किया जा रहा है। वह बिना नामांतरण , डाईवर्जन कराए चूना डालकर ग्राहकों को गुमराह कर प्लॉट महंगे दामों में बेच रहे हैं।



**इछावर।** बिजली विभाग के बगल में ही कॉलोनाइजर ने इस तरह बिना परमिशन के कालोनी काट दी गई है



**इछावर।** कॉलोनाइजर ने इस तरह चुना एवं रोड़ डालकर बिना परमिशन के कालोनी काट दी गई है

### कृषि भूमि का नामांतरण कराया और न ही डायवर्सन फिर भी बेच रहे हैं प्लॉट

ताजा मामला इस समय नगर के बीच स्टेट हाइवे के किनारे बिजली विभाग कार्यालय के बगल में और तहसील कार्यालय से चंद मिनट की दूरी पर एक खेत में काटी जा रही एक कालोनी का है । कॉलोनाइजर्स द्वारा उक्त कृषि भूमि खरीद कर शासन की बिना किसी अनुमति के अपनी मनमर्जी से ग्राहकों को सुविधाओं का लालच देकर उनसे जमकर ठगी कर रहा हैं। कॉलोनाइजर्स ने खेत में ही प्लॉट काट दिए हैं। बताया जा रहा है कि इन जमीन का नामांतरण नहीं हुआ है। और न ही डायवर्सन कराया गया। यहां तक की शासन से किसी भी प्रकार की अनुमति भी नहीं ली गई है। जबकि खेत में चूना डालकर प्लॉट काट दिए गए हैं।

### जांच कर की जाएगी कार्रवाई

यह मामला आपके द्वारा संज्ञान में लाया गया है में तत्काल पटवारी को भेज कर जांच करा रही हूं।

**स्वाती मिश्रा, एसडीएम इछावर**

## नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने जलाशयों कर जल स्तर देखने किया काहिरी डेम का औचक निरीक्षण

**पेयजल के लिए परेशानी न हो इसके लिए पानी चोरी को रोकने का प्रयास**



**सीहोर।** इस वर्ष कम बारिश को देखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने आगामी दिनों में जल संकट से उभरने के लिए रणनीति पर अमल करना शुरू कर दिया है। गुरुवार को नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने जिला मुख्यालय के समीपस्थ काहिरी डेम का औचक निरीक्षण किया और इस दौरान उन्होंने यहां पर तैनात नपाकर्मियों को हिदायत दी कि पानी चोरी रोकने में किसी प्रकार की कोताही न बरती जाए, शहरवासियों को आगामी दिनों में पेयजल के लिए भटकना नहीं पड़े इसके इंतजाम किए जा रहे है।

गुरुवार को अचानक पहुंचे काहिरी डेम का निरीक्षण किया। इस मौके पर तैनात कर्मचारियों को पानी की चोरी आदि को रोकने का विशेष इंतजाम किया जाएगा। इसको लिए उन्होंने अमले को निर्देश दिए है कि टीम द्वारा डेम के पानी का मिसयुज नहीं हो। वर्तमान में काहिरी डेम में वर्तमान में 464.77 मीटर पानी है, पिछले वर्ष 11 दिसंबर 2024 को 464.50 मीटर दर्ज किया गया था, पानी का मिसयुज नहीं हो इसके लिए समय-समय पर नगर पालिका के द्वारा निरीक्षण किया जा रहा है।

वहीं नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर ने पानी की बचत करने और व्यर्थ बहाव रोकने की भी सलाह दी, अल्प बारिश के कारण जलाशयों का जल स्तर घटता जा रहा है। पानी की समस्या का निदान करने के लिए और नियमित रूप से शहरवासियों को पानी की सप्लाई होती रहे इसके लिए नपाध्यक्ष राठौर की ओर से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। शहरवासियों के लिए जीवनदायनी सीवन के गहरीकरण और सौंदर्यीकरण के कार्य किया गया था, इसके अलावा जर्जर पाइप लाइन को दुरुस्त करने के लिए पूर्व में करोड़ों रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। इस वर्ष अल्प वर्षा के चलते आगामी दिनों में जमुनिया जलाशय और काहिरी बंधान पर पर्याप्त जल भंडारण पर जोर दिया जाना आवश्यक है। शहर के जल स्तर को बनाए रखने के लिए जल प्रदाय व्यवस्था दुरुस्त बनाए रखने के मद्देनजर काहिरी डेम में पर्याप्त जल भंडारण की बात कही।

### गहरीकरण का असर सीवन नदी लबालब

गर्मी के दिनों में नगर पालिका ने जल संवर्धन योजना के अंतर्गत सीवन नदी के गहरीकरण का कार्य करवाया था, इसका सार्थक असर देखने को मिल रहा है, सीवन नदी लबालब है और इस पानी के कारण क्षेत्रवासियों के बोर आदि रिचार्ज है और जल स्तर में वृद्धि हुई है। सीवन नदी के पानी की चोरी नहीं हो इसका भी इंतजाम किया जाना है। सीवन नदी के लिए भी इसका इंतजाम किया गया गया है।

## सांसद-विधायक निधि के विकास कार्यों को समय पर पूरा कराएं : कलेक्टर




**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय बैठक में सांसद एवं विधायक निधि से स्वीकृत निर्माण एवं विकास कार्यों की जनपदवार तथा नगरीय निकायवार विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि निधि से स्वीकृत सभी कार्यों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाये।

कलेक्टर बालागुरू के. ने स्पष्ट कहा कि सांसद एवं विधायक निधि से स्वीकृत कार्य जनता की सुविधा एवं जनहित से सीधे जुड़े होते हैं, इसलिए इन कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या विलंब स्वीकार्य नहीं किया जाएगा। उन्होंने ऐसे सभी कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने पर भी जोर दिया, जिनकी स्वीकृति मिल चुकी है। उन्होंने कहा कि जो कार्य प्रगतिरत हैं उन्हें समय पर पूर्ण कराने का प्रयास करें। बैठक में उन्होंने अधिकारियों से कार्यवार प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा की तथा समय सीमा में कार्य पूर्ण करने की हिदायत दी।

कलेक्टर ने कहा कि जिले में विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए समन्वय और निगरानी के साथ कार्य करें। कलेक्टर बालागुरू के ने कहा कि आमजन को जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के लिये परेशानी न हो इसके लिये सभी पंचायत सचिवों को ताकीद किया जाये। बैठक में जिला योजना अधिकारी संजय लक्केवार एवं सभी सीईओ और सीएमओ उपस्थित थे।

## नारी सशक्तिकरण मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर ने की जिला स्तरीय समिति गठित

**सीहोर।** शासन द्वारा बालिकाओं और महिलाओं की उन्नति में चुनौतियों और बाधाओं के समाधान और उनके समग्र सशक्तिकरण के लिए नारी सशक्तिकरण मिशन लागू किया गया है। यह वूमेन लीड डेवेलपमेंट आधारित नारी सशक्तिकरण मिशन महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षण और समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उनकी सक्रिय भागीदारी तथा संसाधनों, अधिकारों और अवसरों तक समान पहुँच सुनिश्चित करने पर केंद्रित है।

कलेक्टर श्री बालागुरू के. द्वारा नारी सशक्तिकरण मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय समिति का गठन किया किया गया है। यह समिति महिला एवं बालिका हितैषी योजनाओं का गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन कार्ययोजना बनाएगी और मिशन की प्रगति की सतत निगरानी करेंगी।

## शैक्षणिक और प्रशासनिक गतिविधियों का किया मूल्यांकन बेहतर परिणाम लाने के लिए शिक्षकों से कहा-करें प्रयास

### जनपद शिक्षा केन्द्र की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर



जनपद शिक्षा केंद्र के सभागार में बुधवार को नवंबर माह की विकासखंड स्तरीय बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता बीआरसीसी सुभाष चंद्र दुबे एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी मानसिंह नेटी ने की।

बैठक में जन शिक्षकों से शैक्षिक व प्रशासनिक गतिविधियों पर विस्तार से जानकारी लेते हुए आगामी रणनीति बनाई गई। इस दौरान सामग्री वितरण, मध्यान भोजन, नामांकन, विद्यार्थियों की उपस्थिति, शैक्षिक गुणवत्ता योजना व उसका क्रियान्वयन, एफएलएन मिशन अंकुर, मेंटरिंग,मासिक आकलन, चाइल्ड ट्रैकिंग, सहित तमाम बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। बीआरसीसी श्री दुबे ने निर्देश दिए की सभी जनशिक्षक शाला अवलोकन के दौरान मेंटरिंग कार्य शत प्रतिशत करना सुनिश्चित करें तथा शिक्षक कक्षाओं का संचालन पाठ योजना अनुसार करें ।

बैठक में जिले के प्रतिनिधि डाइट से एफएलएन के आवश्यक बिंदुओं पर निर्देश दिए तथा सभी जनशिक्षकों व बीएसी को अकादमिक बिंदुओं पर जानकारी दी। बैठक में बीएसी शैलेन्द्र ठाकुर ने शासन की योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली । मिशन अंकुर समन्वयक संजय शर्मा द्वारा राज्य द्वारा निर्धारित निपुण लक्ष्यों पर चर्चा की।

मासिक आकलन फॉर्मेट को सत्यापित करने पर जानकारी दी । पीपीएम मीटिंग में मुख्य रूप से बीएससी शैलेंद्र सिंह ठाकुर , घनश्याम वर्मा, मनोज राठौड़, महेंद्र सिंह सिसोदिया, अशोक कुमार मालवीय, अनिल कुमार कलमोदिया, शीला शर्मा एवं समस्त जन शिक्षक साथी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने धरती आबा अभियान के तहत 11 हितग्राहियों को प्रदान कीं आइस बॉक्स युक्त मोटरसाइकिलों की चाबियां



**सीहोर।** धरती आबा अभियान के अंतर्गत मछुआ समुदाय के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण के लिए कलेक्टर बालागुरू के. ने कोलार क्षेत्र की जनजातीय मछुआ सहकारी समिति के 11 हितग्राहियों को आइस बॉक्स युक्त मोटरसाइकिलों की चाबियाँ प्रदान कीं। यह सुविधा हितग्राहियों के आर्थिक सशक्तिकरण में सहायक होगी। कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि शासन एवं जिला प्रशासन जनजातीय समुदाय को आत्मनिर्भर बनाने तथा पारंपरिक आजीविका को आधुनिक तकनीक से जोड़ने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि धरती आबा अभियान का उद्देश्य जनजातीय परिवारों का सर्वांगीण विकास है। इन आइस बॉक्स युक्त मोटरसाइकिलों की मदद से मछुआरों को ताज़ी मछलियों को सुरक्षित रखने, परिवहन करने और दूरस्थ क्षेत्रों तक आसानी से पहुंचाने में बड़ी सुविधा मिलेगी। इसकी सहायता से मछलियों को लंबे समय तक ताज़ा रखा जा सकेगा, जिससे विक्रय की संभावनाएं बढ़ेंगी और उनकी आय में भी सीधा लाभ मिलेगा। शासन की यह पहल न केवल मछुआरों की कार्यक्षमता को बढ़ाएगी, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विकास में भी एक प्रभावी कदम सिद्ध होगी। मत्स्य विभाग के सहायक संचालक प्रशांत हर्ष सहित अन्य अधिकारी एवं हितग्राही उपस्थित थे।

**नेशनल लोक अदालत में रखे जाएंगे 16,250 प्री-लिटिगेशन प्रकरण**

# जनता के लिए 13 को आयोजित होगी लोक अदालत, 21 खंडपीठें की गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रकाश चंद्र आर्य के निर्देशानुसार 13 दिसंबर को सीहोर जिला न्यायालय परिसर, जिले के सभी तहसील न्यायालयों एवं सभी खंडपीठों पर नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

डीएलएसए सचिव स्वप्नश्री सिंह ने बताया कि इस नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित आपराधिक शमनीय प्रकरण, धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम, क्लेम प्रकरण, विद्युत अधिनियम, वैवाहिक विवाद सम्बंधी व अन्य सिविल प्रकरण सहित लगभग 1500 राजीनामा योग्य प्रकरण रखे गये हैं। विद्युत अधिनियम, बैंक रिकवरी, जलकर एवं बी.एस.एन.एल. विभाग से संबंधित लगभग 16,250 प्री लिटिगेशन प्रकरण रखे गए हैं।




### नेशनल लोक अदालत के लिए 21 खंडपीठें गठित

नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के लिए सीहोर में 08, आष्टा में 04, भैरूंदा में 04. बुधनी में 03, इछावर में 01 और उपभोक्ता फोरम में 01, इस प्रकार कुल 21 खण्डपीठों का गठन किया गया है।

**विद्युत, बैंक व जलकर के प्रीलिटिगेशन प्रकरणों में भारी छूट :** शासन के उर्जा विभाग द्वारा विद्युत अधिनियम से संबंधित न्यायालय में लंबित व प्रीलिटिगेशन प्रकरणों एवं नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा जारी निर्देशानुसार जलकर एवं संपत्ति कर अधिभार में नेशनल लोक अदालत के संबंध में विशेष छूट के निर्देश जारी किए गए हैं। इसके साथ ही बैंक के प्रिलिटिगेशन प्रकरणों में भी नियमानुसार छूट प्रदान की जायेगी।

### लोक अदालत का लाभ उठाने की अपील

नेशनल लोक अदालत के संबंध में प्रधान जिला न्यायाधीश प्रकाश चंद्र आर्य द्वारा प्रेसवार्ता आयोजित की गई। प्रधान जिला न्यायाधीश प्रकाश चंद्र आर्य एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव स्वप्नश्री सिंह द्वारा आमजन से यह अपील की गई है कि वे नेशलन लोक अदालत में अपने प्रकरणों का निराकरण समझौता एवं सहमति के आधार पर कराएं और नेशनल लोक अदालत का लाभ उठाएं।

## समाजसेवा को मिला सम्मान, बड़ोदिया बने नेचर वेलफेयर काउंसिल के राज्य सदस्य

**सीहोर।** सामाजिक और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में बढ़ चढकर काम करने वाले सक्रिय कार्यकर्ता विनोद कुमार बड़ोदिया को राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी जिम्मेदारी मिली है। दिल्ली स्थित प्रतिष्ठित संस्था नेचर वेलफेयर काउंसिल चेयरमेन राहुल त्रिवेदी, वाईस चयेरमेन उद्यान कुलश्रेष्ठ, असिस्टेंट डायरेक्टर मनोज भारद्वाज ने उन्हें मध्य प्रदेश इकाई के लिए राज्य सदस्य के महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया है। श्री बड़ोदिया की यह नियुक्ति उनके सामाजिक कार्यों और प्रकृति के प्रति लगाव को देखते हुए की गई है। नेचर वेलफेयर काउंसिल द्वारा 9 दिसंबर को जारी नियुक्ति पत्र के अनुसार यह जिम्मेदारी तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। विनोद बड़ोदिया अगले दो साल यानी 8 दिसंबर 2027 तक इस पद पर कार्य करेंगे। यह नियुक्ति काउंसिल की केंद्रीय स्थायी समिति की सिफारिशों के आधार पर की गई है। राज्य सदस्य के रूप में श्री बड़ोदिया अब मध्य प्रदेश में प्रकृति कल्याण और सामाजिक सामंजस्य से जुड़े काउंसिल के नियमों और उद्देश्यों को जमीनी स्तर पर उतारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।



टीम सदस्यों में उत्साह बता दें ग्राम जमोनिया टैंक निवासी विनोद बड़ोदिया को यह जिम्मेदारी मिलने पर उनकी टीम के सदस्य एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं और पर्यावरण प्रेमियों में हर्ष का माहौल है। केंद्रीय सचिव ज्योतिबेन परमार द्वारा जारी किए गए नियुक्ति पत्र में उन्हें काउंसिल के नियमों और विनियमों का पूरी निष्ठा से पालन करने का निर्देश दिया गया है। कि श्री बड़ोदिया अपने नए पद के माध्यम से राज्य में पर्यावरण संरक्षण, वन्यजीव कल्याण और सामाजिक जागरूकता के कार्यों को नई गति प्रदान करेंगे, जिसका लाभ जिले सहित पूरे प्रदेश को मिलेगा।

श्री बड़ोदिया को उक्त महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे जाने पर जाटव समाज के संरक्षक ब्रजेश चौधरी, कपिल सूर्यवंशी, आशीष रोहिला, राकेश चक्रधर, सुशील कचनेरिया, शुभम कचनेरिया, चम्पालाल राठौर, सीताराम भारती, मन्शाराम अहिरवार, राजेश अरिहवार, रविशंकर सूर्यवंशी, गोपीलाल आदि ने बधाई व शुभकामनाऐं प्रेषित की है।


### संबंधित व्यापारी के सभी लाइसेंस निरस्त किए जाने की मांग

# मारपीट का मामला गर्माया, सैकड़ों किसानों ने मंडी में किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

मंगलवार को कृषि उपज मंडी परिसर में किसान से हुई मारपीट का मामला अब गर्मा गया है। बुधवार को इसी मामले को लेकर मंडी परिसर में सैकड़ों किसानो ने प्रदर्षन करते हुए व्यापारी सलीम मंसूरी और उसके परिजनों के सभी लायसेंस निरस्त किए जाने की मांग की है। किसानो ने चार दिनों के भीतर कार्रवाई नही होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी जारी की है। इस दौरान किसानो ने इस घटना की कड़े शब्दो में निंदा करते हुए जमकर नारेबाजी भी की। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम सहित पुलिस प्रषासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और उन्होने किसानो को समझाईष दी। तब जाकर कही मामला शांत हुआ लेकिन किसान व्यापारी के लाईसेंस निरस्ती की मांग पर अड़े हुए है।





### किसान संगठन ने सौंपा ज्ञापन

मारपीट के खिलाफ किसानों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा जिसमें सलीम टेडर्स का मंडी लायसेंस निरस्त करने की मांग की एवं उसके द्वारा मंडी में किए गए अवैध अतिक्रमण पर भी प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है। बता दें कि सलीम टेडर्स के पास 4 लायसेस है जिनके आधार पर यह मंडी का काम करता है

### बोली में लगाया ज्यादा भाव - तौल कांटे पर पहुंचकर किया कम

किसान संगठन ने अपने ज्ञापन में बताया गया कि सलीम टेडर्स द्वारा मंडी में किसान की फसल का भाव अधिक लगाकर उसे बुक कर लिया गया और तौल कांटे पर जाकर भाव कम करने से यह विवाद बढ गया इसमें नाईहेडी के किसान के साथ सलीम ट्रेडर्स के संचालक एवं उसके परिजनों ने मारपीट कर दी जिससे किसानों में आक्रोश बढ गया।

### इनका कहना है...

मंडी व्यापारी द्वारा किसान से की गई मारपीट के मामले में पुलिस ने विधिवत कार्रवाई की है। लाइसेंस निरस्ती को लेकर संबंधित को नोटिस जारी कर रहे है। जांच उपरांत विधिवत कार्रवाई की जाएगी।

- सुशील कुमार, एसडीएम नरसिंहगढ़

## किसी को नोटिस तो किसी की वेतनवृद्धि रोकी

**राजगढ़।** क्षेत्रीय सांसद रोड़मल नागर की उपस्थिति में जिले में चल रहे सड़कों एवं अवसरंचना कार्यों की व्यापक समीक्षा की गई। बैठक में सभी संबंधित इंजीनियरों, सब-इंजीनयरों के कार्यों की प्रगति का मूल्यांकन किया गया। इस दौरान विभिन्न कार्यों में लापरवाही बरतने वालों में से किसी को शोकाज नोटिस तो किसी की वेतनवृद्धि रोकने की कार्यवाही की गई है। बैठक में कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा सहित जिपं सीईओ इच्छित गढ़पाले भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान अनुपस्थित उप-अभियंता सुनील सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। इसी तरह उप-अभियंता दिवाकर दुबे के कुछ कार्य अत्यंत धीमी गति से चलने पर उनकी वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश प्रदान किए गए। उप-अभियंता अनिल जालौन को भी कार्यों की धीमी प्रगति पर शोकाज नोटिस जारी किया गया। संजीव वर्मा की बैठक में अनुपस्थिति तथा लगातार 15 दिनों से कार्यभार ग्रहण न करने पर उनके विरुद्ध सेवा समाप्ति संबंधी नोटिस जारी किया गया है। इसी तरह उप-अभियंता जीतेंद्र उमठ एवं सहायक अभियंताओं की विभिन्न लापरवाही पर उन्हें नोटिस जारी किए गए हैं।

### एक दिन पूर्व ही पकड़ाया था जुआ का अड्डा

# खुजनेर थाना प्रभारी यादव समेत 1 आरक्षक लाइन अटैच




हरिभूमि न्यूज ▶▶. राजगढ़

पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने खुजनेर थाना प्रभारी शिवचरण यादव समेत थाने में ही पदस्थ आरक्षक दिलीप प्रजापति को तत्काल प्रभाव से लाईन अटैच कर दिया है। एसपी श्री तोलानी द्वारा जारी आदेश में उक्त कार्यवाही के संबंध में भलेंही प्रशासनिक कार्यसुविधा का हवाला दिया गया है लेकिन आमजनों द्वारा इसे खुजनेर क्षेत्र में चल रहे जुएं के बड़े अड्डे के संचालन से जोड़कर देखा जा रहा है।

आपको बतादें कि मंगलवार देर शाम पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी को विश्वसनीय सूत्रों से मिली गुप्त सूचना के बाद खुजनेर थानाक्षेत्र के गोपालपुरा गांव के एक खेत में ताश की बड़ी फड़ पर दबिश दी गई थी। जिला पुलिस के ज्वाइंट ऑपरेशन में पुलिस की इस दबिश के दौरान 20-22 लोग जुआं खेलते पाए गए थे जिनमें से कई अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए थे वहीं 04 लोगों को पुलिस ने 80 हजार रुपए नकदी सहित ताश की कई गड्डियों के साथ पकड़ा था। मौके से 22 मोटर साइकिलें भी जब्त की गई थी। ये बाईकें उन्हें जुआरियों की बताई जा रही हैं जो वहां ताश खेल रहे थे और पुलिस को चकमा देकर भागने में कामयाब हुए थे।

### खुजनेर पुलिस को बड़े क्राइम की भनक तक नहीं

इतनी बड़ी संख्या में जुआरियों का एक ही अड्डे पर जुआं खेलना और खुजनेर पुलिस को इसकी भनक तक न लगना कहीं न कहीं जुआरियों से संलिप्तता उजागर करता है। संभवतः इन्हीं कारणों से एसपी तोलानी ने टीआई शिवचरण यादव को लाईन अटैच करने की कार्यवाही की है। हालांकि, जारी आदेश में इस बात का उल्लेख नहीं है।

### सभी सेवानिवृत्तों को प्रदान किए पीपीओ, सम्मान के साथ विदाई

# नवंबर में जिले के विभिन्न विभागों से 22 लोकसेवक हुए रिटायर्ड



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राजगढ़ जिले में ही एक समय ऐसा था जब सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अपनी पेंशन, ग्रेज्युटी, भविष्य निधि सहित अन्य सत्वों के भुगतान के लिए विभिन्न विभागों के चक्कर लगाना पड़ते थे। कईं मामलों में तो कर्मचारियों को न्यायालय का सहारा तक लेने के उदाहरण जिले में हैं, तब कहीं जाकर उन्हें पेंशन उपरान्त मिलने वाले हक उन्हें मिल पाए।

लेकिन, अब अब जिला प्रशासन सेवानिवृत्त कर्मचारियों के विभिन्न सत्वों के भुगतान की प्रक्रिया न केवल बेहद सरल कर दी है। अब रिटायर्ड कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति दिनांक को ही उनके पीपीओ प्रदान कर अन्य सत्वों का भुगतान किया जा रहा है।

इसी कड़ी में विगत नवंबर माह में जिले के विभिन्न विभागों से सेवानिवृत्त हुए 22 अधिकारियों, कर्मचारियों को कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा द्वारा पीपीओ प्रदान शॉल, श्रीफल इत्यादि भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया।

### ये अधिकारी, कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए

नवंबर में रिटायर्ड हुए लोकसेवकों में शिक्षा विभाग के अशोक कुमार शर्मा, चन्द्रकला नारोलिया, मनोरमा चैरसिया, अर्जुन सिंह चैहान, ओमप्रकाश शर्मा, गुलाब शाक्यवार, शिवनारायण सौधिया, इन्द्रा शर्मा, गीता जोशी, घनश्याम शर्मा, सुधा, निगार सुल्ताना, कैलाश सिंह, श्रीमति प्रेमबाई मेहर, कमल सिंह बडगोटा, अर्जुन कुमार वात्रे, निर्मला पंवार, बीरम सिंह मरमट, कमल किशोर शर्मा, ओमप्रकाश सेन, स्वास्थ्य विभाग से उमा मेवाडे, रामनिवास त्यागी, जल संसाधन से प्रकाश कुमार हलवा, दिनेश गुप्ता, पीएचई से ब्रजेश शर्मा, कौशल्या बाई, आदिम जाति कल्याण विभाग से सज्जन सिंह चन्द्रावत, पुलिस विभाग से अनूप शर्मा लाखन सिंह शामिल हैं।

### पुलिस पंचायत में विवादों से निजात

# छलका दर्द, वृद्धों को मिल रही राहत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

बुधवार को हुई पुलिस पंचायत में वृद्ध दंपत्तियों के साथ प्रताड़ना के मामले पहुंचे। एएसपी प्रशांत चौबे सहित सदस्यों ने ध्यान से सुना और समाधान निकालाद्ध

एक मामला आया कि एक वरिष्ठ महिला ने शिकायत की कि उनकी पट्टे की जमीन पर तोड़फोड़ कर कब्जा कर लिया गया है और बेटा भी कब्जाधारियों का साथ दे रहा है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद समाधान निकला। आवेदिका ने राशि लेने पर सहमति दी और दो दिनों में भुगतान तय हुआ। दूसरे मामले में बेटे की अनावश्यक मांगों से तंग बुजुर्ग दंपत्ति पहुंचे। उनका बेटा बार-बार रुपये, वाहन की मांग करता है। बेटे को समझाया कि माता-पिता की सेवा करना सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। समझाइश के बाद बेटे ने किसी भी प्रकार की मांग न करने पर सहमति दी और मां-पिता के चरण स्पर्श किये। इसी प्रकार बेटी-दामाद व नाती से उत्पीड़न से तंग अत्यधिक वृद्ध दम्पत्ति पहुंचे। बुजुर्ग ने बताया बेटी, दामाद और नाती द्वारा झगड़ा-मारपीट करते हैं। सीसीटीवी कैमरे को भी तोड़ दिया गया। समझाइश से भविष्य में विवाद न करने तथा बुजुर्गों को परेशानी में तुरंत मदद देने पर सहमति दी।

### आठ दिन में व्यवस्था सुधारने प्रशासन ने कसी कमर

# लेन मोहल्ले में शिफ्ट हांगे हाथ ठेले बीच सड़कों से हटेंगे कंडम वाहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

शहर की बिगड़ती यातायात व्यवस्था के मद्देनजर बुधवार को थाना परिसर में प्रषासनिक अधिकारियो और जनप्रतिनिधियों ने बैठक आयोजित कर अव्यवस्थाओं के सुधार पर चर्चा की गई। इस दौरान मुख्य बाजार में बीचो बीच सड़क पर खड़े हाथ ठेलो का मुद्दा छाया रहा। जिसको लेकर अब प्रषासन बाजार से हाथ ठेले हटवाकर उन्हे लेन मोहल्ले में स्थान दिए जाने की कार्रवाई सुनिष्चित कर रहा है। इसके साथ ही बीच सड़को पर खड़े वाहन, कंडम वाहन को भी सख्ती से हटवाया जाएगा। प्रषासनिक अधिकारियो ने नगर के सुभाष चैक में भी बीच सड़को पर हो रहे अतिक्रमण को भी हटवाए जाने का निर्णय लिया है। प्रषासनिक अधिकारियो ने आठ दिन के भीतर सभी व्यवस्थाऐं सुनिष्चित किए जाने की बात कही है। बैठक में मुख्य रूप से विधायक मोहन शर्मा, एसडीएम सुशील कुमार, एसडीओपी मिनी शुक्ला, तहसीलदार विराट अवस्थी, सीएमओ अभिषेक जैन, थाना प्रभारी शिवराज सिंह सहित अन्य विभागो के अधिकारी, कर्मचारी और आमजन मौजूद थें।

**बैंक के सामने सड़को पर पार्क नही होंगे वाहन** -शहर के मुख्य मार्गो पर बीच सड़को पर वाहन खड़ा न करने की हिदायत देने के लिए प्रषासन शहर में मुनादी करवा रहा है। उन्होने नियत समय सीमा में सड़क पर खड़े कंडम वाहनो को नही हटवाए जाने पर जुर्माने की कार्रवाई की बात कही है।

### इनका कहना है...

शहर में बिगड़ती व्यवस्थाओं को सुधार के लिए बैठक आयोजित कर सामूहिक निर्णय लिए गए है। हाथ ठेलो को लेन मोहल्ले में जगह दी जाएगी। सड़क से अतिक्रमण हटाकर पार्किंग के लिए भी जगह तलाष रहे है। नागरिको से भी व्यवस्थाओं में सहयोग की अपील की है।

- सुशील कुमार एसडीएम नरसिंहगढ़

# जीआरपी ने गुम हुई 60 वर्षीय बुजुर्ग को बेटे से मिलाया



**ब्यावरा।** रेल यात्रियों की सुरक्षा और जनविश्वास को सर्वोच्च प्राथमिकता देने वाली जीआरपी ब्यावरा ने महज 24 घंटे के भीतर गुमशुदा 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला को तलाशकर उनके बेटे से मिलाया। घटना के अनुसार ग्राम सुबेदारपुरवा उत्तर प्रदेश निवासी मनोज कुमार अपने परिवार के साथ ट्रेन संख्या 19168 साबरमती एक्सप्रेस से यात्रा कर रहे थे। यात्रा के दौरान मनोज की मां कामती देवी (60 वर्ष) बाथरूम जाने के लिए कहकर गईं, लेकिन नहीं लौटीं। सहयात्रियों से जानकारी मिली कि वे अचानक स्टेशन ब्यावरा पर उतर गई थीं। बेटे की रिपोर्ट पर थाना जीआरपी ब्यावरा ने गुम इंसान दर्ज कर खोज अभियान शुरू किया। शहर के प्रमुख स्थानों, थानों, मीडिया संस्थानों और डायल-100 को सूचना प्रसारित की गई। पुलिस की सतर्कता रंग लाई जब थाना देहात ब्यावरा को सूचना मिली कि एक बुजुर्ग महिला इंदौर नाके के पास टोल प्लाजा पर दिखाई दी हैं। डायल-100 की मदद से उन्हें सुरक्षित थाना लाया गया। बाद में बेटे मनोज कुमार को बुलाकर पहचान कराई गई और पुलिस टीम ने कामती देवी को सकुशल उनके परिवार को सुपुर्द कर दिया। जीआरपी की कार्रवाई से रेल यात्रियों की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है।

मानव अधिकार दिवस पर आयोजित जागरुकता कार्यक्रम में बोले

# 'मानव अधिकार तभी सुरक्षित जब इंसानियत दिलों में जिंदा रहे'



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जब तक हम व्यक्ति को व्यक्ति नहीं समझते तब तक मानवाधिकार सिर्फ किताबों तक सीमित रहेंगे। इसी संदेश के साथ अहिंसा वेलफेयर सोसायटी ने मंगलवार को मानवाधिकार दिवस मनाया।

संस्था के नए कोहॉर्ट के पीस वॉलंटियर्स ने सम्मिलित होकर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मानवाधिकार, संवैधानिक मूल्यों और नागरिक कर्तव्यों की गहराई से समझ विकसित की।कार्यक्रम के आरंभ में समाज में बढ़ती असमानताओं, भेदभाव, हिंसात्मक घटनाओं और कमजोर वर्गों के प्रति हो रहे अन्याय पर चर्चा से हुई। वक्ताओं ने कहा कि आज के समय में युवा जागरुकता ही सबसे बड़ी सामाजिक शक्ति है।

यदि समाज चुप रहेगा, तो अन्याय और अत्याचार और बढ़ेंगे। इसलिए हर नागरिक का दायित्व है कि वह अन्याय और कुरीतियों के खिलाफ खड़ा हो। सत्र के दौरान महिलाओं, बच्चों, युवाओं और पुरुषों पर होने वाली हिंसा, शोषण, उत्पीड़न और बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। वक्ताओं ने बताया कि ग्रामीण और वंचित समुदायों में बाल-विवाह एवं बाल सगाई आज भी पूरी तरह समाप्त नहीं हुए हैं, जो मानवाधिकारों के मौलिक सिद्धांतों का उल्लंघन है।

**समानता, न्याय और गरिमा-मानवाधिकारों की बुनियाद-** कार्यक्रम में युवाओं को मानवाधिकारों के चार मूल स्तंभ-समानता, स्वतंत्रता, न्याय और गरिमा की विस्तृत जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि किसी भी प्रकार का भेदभाव नकारना, कमजोर वर्गों की सुरक्षा करना और समाज में समान अवसर उपलब्ध कराना जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य है। संस्था के अरुण सातालकर ने कहा कि अधिकारों की समझ तभी सार्थक है, जब नागरिक अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करें।

## जादू नहीं, विज्ञान है- शासकीय सांदीपनि विद्यालय में विज्ञान कार्यशाला का आयोजन



**नरसिंहगढ़।** शासकीय सांदीपनि विद्यालय के सभागार में बुधवार को जादू नहीं, विज्ञान है विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के साथ-साथ आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक मोहन शर्मा द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य समाज में फैली अंधविश्वासी प्रथाओं को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से समझाना और उनका वैज्ञानिक आधार उजागर करना था। कार्यशाला में बच्चों ने विभिन्न वैज्ञानिक प्रयोगों के माध्यम से ढोंगी बाबाओं, गुनिया, ओझा तथा पाखंडी तंत्र-मंत्र के कथित चमत्कारों का पर्दाफाश किया। जिनमे पानी में आग लगना, नारियल से धुआं निकलना, भूत-प्रेत और चुड़ैल संबंधी भ्रांतियां , नींबू से खून निकलने का भ्रम, कोरे कागज पर प्रेतात्मा का नाम लिख जाना,पीलिया रोगी के हाथ से पीला रंग निकलना, पानी से भरा गिलास थाली से चिपक जाना आदि शामिल थे। जिनका बच्चों ने रासायनिक अभिक्रियाओं और वैज्ञानिक सिद्धांतों के आधार पर तार्किक खुलासा किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह परमार, प्राचार्य बी. डी. सक्सेना, शिव वैध, रमेश मालवीय, सत्येन्द्र राठौड़, भरत झवर, अभिषेक गुप्ता, मुन्ना साहू सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## महाराजा मेहताब सिविल अस्पताल के हाल-बेहाल

**ब्यावरा।** ब्लड प्रेशर बढने के बाद अचेत अवस्था में अपनी पत्नी को सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे पति का 1 घंटे से ज्यादा परेशान होना पडा तब कहीं जाकर उनकी पत्नी को प्राथमिक उपचार मिल पाया। मामला मंगलवार की शाम 5 बजे का है जब अफरोज बी को उनके पति द्वारा अचेत अवस्था में सिविल अस्पताल ले जाया गया। परंतु वहां पर ओपीडी में अधिकतर डॉक्टर उपस्थित ही नहीं थे सिर्फ एक डॉक्टर के भरोसे अस्पताल चल रहा है। उनके पास पहुंचते पहुंचते 1 घंटा 15 मिनट हो गए तब कहीं जाकर बेहोशी की हालात में पहुंच चुकी अफरोज को इलाज मिल पाया। लेकिन इससे सरकारी अस्पताल में चल रही लापरवाही की पोल जरूर खुल जाती है कि कोई देखने वाला नहीं है।

# पर्यटन स्थल पहुंचकर बच्चों ने खूब उठाया लुत्फ



**जीरापुर।** महर्षि पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल के विधार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। मध्य प्रदेश के ऐतिहासिक प्रसिद्ध पर्यटन स्थल आनंद का शहर मांडवगढ़ जो खूबसूरत पर्यटक स्थल के लिए विख्यात है उसी के साथ धार्मिक स्थल महाकाल दर्शन एवं महाकाल लोक, जहाज महल, रूपमती महल , हिंडोला महल, इको प्वाइंट के बारे में गाइड द्वारा मांडव के इतिहास को समझाया तथा बच्चों को इससे मिलने वाली जानकारी से अवगत कराया गया। जहां पर प्राचीन महल निर्माण में सीमेंट की जगह चूना से तैयार 10 प्रकार की सामग्री मिलाकर निर्माण होता था जो मजबुती पर प्रकाश डाला। भ्रमण दल में प्राचार्य दिनेश गुर्जर , संचालक शिवचरण दांगी , खेल शिक्षक महेंद्रसिंह सोनगरा , रामेश्वर बरदानियां , दिलीप राठौर , राधेश्याम तोमर , अंकुश भावसार , कृपाल सोलंकी , जितेंद्र कारपेंटर सहित शिक्षिका भी भ्रमण दल में शामिल हुए। बच्चों ने आनंद ओर उत्साह के साथ भ्रमण किया।

### देश का पहला प्लांट का मिला था गौरव, टाटा बीपी ने किया था स्थापित

# 100 किलोवाट का सौर ऊर्जा प्लांट देखरेख के अभाव में बना खंडहर

3 करोड 60 लाख की लागत से जैतपुरा में लगाया गया यह आधुनिक प्रोजेक्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जैतपुरा





लगातार हो रही बिजली की कमी और आमजनता की जेब पर बढता उसका बिल ऊर्जा के क्षेत्र में दूसरे प्रयोगों के उपयोग की जरूरत को बल देता है। इसीलिए आज नए नए प्रयोंगो द्वारा विंड एनर्जी एवं सौर ऊर्जा के प्रयोग पर बल दिया जा रहा है। को दूर करने के लिए 1997-98 में जिले के खिलचीपुर जनपद में देश का पहला सौर ऊर्जा प्लांट जैतपुरा में स्थापित किया गया। जिससे 100 किलोवाट सौर ऊर्जा का उत्पादन होता था जिसको विधुत विभाग के ग्रिड से जोड दिया गया था और बिजली की ग्रामीणों तक पहुंचती थी।

इस सौर ऊर्जा प्लांट का मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने अपनी पहली पारी में स्थापित किया था और जिसका स्टॉलेशन जैतपुरा में टाटा बीपी कंपनी द्वारा 3 करोड 60 लाख की लागत से किया गया था परंतु देश का प्रथम सौर ऊर्जा कहा जाने वाला यह प्लांट 2007 में बंद हो गया और आज इसकी स्थिती यह है कि वह एक जंगल बन गया है।

### प्रत्यक्षदर्शी बोले - कम पैसे में मिल जाती थी बिजली

उस समय सौर ऊर्जा का उपयोग करने वाले प्रत्यक्षदर्शियों में गणेश सेन बताते है कि कई गांव सौर ऊर्जा का उपयोग कर लाभांन्वित होते थे परंतु चलता हुआ यह सौर ऊर्जा प्लांट देख रेख के अभाव में बंद हो गया।

### एक बार फिर बढ़ने लगा सौर ऊर्जा का महत्व

सरकार ने एक बार फिर सौर ऊर्जा पर जोर देना शुरू कर दिया है जिसमें सरकार सब्सीडी देकर सौर ऊर्जा के उपयोग का बढाना चाह रही है जिससे हाइड्रो पावर और थर्मल प्लांट पर बढ रहा विधुत लोड को कम किया जा सके। इसी बात को देखते हुए 3 दशक पूर्व जिले में पहले सौर ऊर्जा प्लांट की नींव रखी गई थी परंतु प्रशासन व शासन की कमी से जैतपुरा सौर प्लांट बंद हो गया।

## खबर संक्षेप

### स्वैच्छिकता व सामूहिकता से कार्य करें प्रस्फुटन समितियां: वरुण आचार्य

**आष्टा।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा चयनित नवांकुर संस्था शिवशक्ति ग्राम विकास समिति भीलखेड़ी सड़क कोठरी व नवांकुर संस्था भमुरा सामाजिक ग्राम विकास समिति के सयुक्त तत्वाधान में सेक्टर बैठक का आयोजन ग्राम बेदाखेडी किया गया। सेक्टर में संभाग समन्वयक वरुण आचार्य, जिला समन्वयक पारुल उपाध्याय की उपस्थिति में संपन्न हुई। सेक्टर बैठक में उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया गया। ततपश्चात विकासखंड समन्वयक भगवत शरण लोधी द्वारा नवांकुर, व प्रस्फुटन समितियों द्वारा किए जा रहे कार्यों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। जिला समन्वयक पारुल उपाध्याय द्वारा स्वागत भाषण दिया। सेक्टर की समितियों की सक्रीय भागीदारी की सराहना की बैठक के अंत में संभाग समन्वयक वरुण आचार्य द्वारा सेक्टर की समस्त नवांकुर एवं प्रस्फुटन समितियो से परिचय प्राप्त किया। अपने उद्बोधन में कहा कि प्रस्फुटन समिति स्वैच्छिकता व सामूहिकता से कार्य करे एवं ग्राम में संस्कार केंद्र, जैविक कृषि, जल संरक्षण अभियान में सक्रिय भागीदारी शासकीय योजनाओं का प्रचार प्रसार कर पात्र लोगों को लाभ दिलाना आदर्श ग्राम की कल्पना आदि महत्वपूर्ण विषय पर मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। सेक्टर बैठक में ग्राम के सरपंच प्रतिनिधि जीतेंद्र सिंह पूर्व जनपद सदस्य महेश करमोदिया, मेना सेक्टर के नवांकुर प्रभारी महेश चंदेल कोठरी, सेक्टर के प्रभारी राधेश्याम वर्मा, मेंटर्स मुकेश राठौर, हरेंद्र सिंह ठाकुर व अन्य उपस्थित रहे।

### विधायक की जनसुनवाई में पहुंचे ग्राम खड़ीहाट के पालक-विद्यार्थी

# माध्यमिक शाला में छात्र संख्या के मान से शिक्षकों की पदस्थापना करने रखी मांग

**शिक्षकों की कमी से बच्चों की पढ़ाई हो रही है प्रभावित। जनसुनवाई में आये अन्य नागरिको की विधायक ने सुनी समस्याए।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



बुधवार को जनसुनवाई में ग्राम खड़ी हॉट की माध्यमिक शाला में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों ने पहुच कर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर को बताया कि विद्यालय में बच्चों के मान से शिक्षकों की कमी को दूर किया जाये, शिक्षकों की कमी के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। जनसुनवाई में पहुचे मनोहरसिंह,प्रिया,पूजा वर्मा, रामप्रसाद, देवकरण द्वारा दिये आवेदन में बताया कि विद्यालय में 158 बच्चों को पढ़ाने के लिये मात्र 03 शिक्षक है जो अपर्याप्त है,कमी को दूर किया जाए। स्मरण रहे प्रत्येक बुधवार को आष्टा विधायक अपने कार्यालय में सुबाह 10 बजे से जनता की समस्याओं को सुनने,उनेह हल करवाने के लिये जनसुनवाई करते है।

बुधवार को प्रातः 10 बजे से कार्यालय में उपस्तिथ रह कर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने जनता की समस्याओं को सुना और उनकी समस्याओं को हल करने के सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर जो की हर बुधवार को अपने कार्यालय में जन सुनवाई कार्यक्रम के तहत उपस्तिथ रहते है। जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्र से नागरिक पहुंचे और अपनी-अपनी पीड़ा से विधायक को अवगत कराकर आवेदन दिए। जनता से प्राप्त आवेदनों पर विधायक ने कहा की आपका जन सेवक होने के नाते आपकी समस्याओं को सुनना, हल करना मेरा धर्म है। आये आवेदनों को तत्काल सम्बंधित विभागों के अधिकारियों से चर्चा कर ग्रामीणों की समस्याओं का समय सीमा में तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिये। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कार्यालय आये सभी नागरिको को भरोसा दिया कि आपकी समस्याओं का जल्द निराकरण होगा,जो मांग शासन स्तर की है उनेह वे शासन तक पहुचायेंगे। विधायक कार्यालय से जानकारी देते हुए बताया की आज जनसुनवाई में आये ग्रामीणों ने ग्राम अमरपुरा में मांगलिक कार्य हेतु भवन धर्मशाला/ मांगलिक भवन निर्माण, दिव्यांग हेतु रोजगार प्रदाय कराने,विद्युत देयक का समायोजन, विद्युत प्रकरणों का समाधान कराने, दिव्यांग हेतु ट्रायसिकल प्रदाय करने,जल आपूर्ति एवं आग बुझाने हेतु फायर टेंकर प्रदाय कराने, पट्टे की भूमि पर किये जा रहे निर्माण पर रोक लगवाने, प्रधानमंत्री आवास के नवीन पंजीयन हेतु, बालिका का बीमारी से पैर कट जाने पर आर्थिक सहायता, माध्यमिक शाला खड़ीहाट में छात्र संख्या के मान से शिक्षकों की पदस्थापना कराने,स्टॉफ नर्स के पद पर नियुक्ति कराने, हाईस्कूल फूडरा में 24 घंटे विद्युत व्यवस्था कराने, वृद्धा पेंशन प्रदाय कराने, खामखेड़ा बैजनाथ में गौशाला हेतु भूमि आवंटित कराने, ग्राम करमनखेड़ी में नई बस्ती में नल जल योजना का लाभ प्रदाय कराने, खड़ी हाट से विद्युत केबल चोरी होने के



संबंध में ट्रांसफार्मर की क्षमता में वृद्धि कराने। सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए। सभी आई शिकायतों एवं आवेदनों को सम्बंधित विभागों को निराकरण हेतु निर्देश दिये है। विभागों की आई समस्याओं को लेकर मौके से ही सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को आई समस्याओं के निराकरण करने के निर्देश दिये,कुछ आवेदन निराकरण हेतु सम्बंधित विभागों को भेजे गये।

# आसामाजिक तत्वों ने स्कूल के दस्तावेज व दो कंप्यूटर को किया नष्ट

**स्कूल संचालक ने थाने में की शिकायत**



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

मेहतवाड़ा में टैगोर माध्यमिक विद्यालय पिछले 30 वर्षों से जैन धर्मशाला में संचालित होता आ रहा है रात्रि में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा जिस कमरे में स्कूल के आवश्यक दस्तावेज रखे थे, उसका दरवाजा तोड़कर उसमें रखें जरूरी दस्तावेज, कैसबुक, रिजल्ट शीट, छात्रों के समस्त दस्तावेज फाड़कर पूरी तरह नष्ट कर दिए।

इसी के साथ ही दो कंप्यूटर को भी पूरी तरह से तोड़कर नष्ट कर दिया। बच्चों की किताबों को भी नष्ट कर दीया गया। दिगंबर जैन धर्मशाला में शादी का कार्यक्रम चल रहा था उसी रात मंदिर प्रांगण में स्कूल का ऑफिस है। ऑफिस के सामने शादी की रसोई बन रही थी। धर्मशाला में शादी का कार्यक्रम चल रहा था। इस समय कुछ शरारती तत्व ने धर्मशाला के सामने रसोई घर के पास बना स्कूल ऑफिस को निशाना बनाया और तोड़फोड़ कर स्कूल को भारी छती पहुंचाई। स्कूल संचालक सुनील भावसार नै दूसरे दिन जावर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। अनुमान लगाया जा रहा है कि किसी ने आपसी रंजिश के चलते यह कृत किया। सुनील भावसार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। इसी छोटे से स्कूल से उनका घर का पालन पोषण चल रहा था। इस तरह के तत्वों पर अंकुश नहीं लगाया तो कल से मंदिर को भी छती पहुंचाई जा सकती है। ऐसे सामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाना जरूरी है पुलिस प्रशासन से सख्त कार्रवाई करने की मांग की गई।

# अधर्म को होते देखते रहोगे, तो एक दिन तुम्हारा पतन होना निश्चित है: मिट्ठुपुरा सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




हमेशा धर्म के साथ रहो। अधर्म का विरोध करो। अधर्म होते देखते रहोगे, तो एक दिन तुम्हारा पतन निश्चित है। अन्याय को मुक बनकर जो निहारे जाते हैं। भीष्म हो, द्रोण हो,करण हो, सब मारे जाते हैं। उपरोक्त बहुत ही सार गर्वित प्रवचन अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा दशहरा मैदान पर आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस मालवा माटी के संत श्री मिट्ठुपुरा सरकार व्यक्त किए गए। विधायक मित्र मंडल द्वारा गुरुदेव का शाल श्रीफल व पगड़ी पहना कर स्वागत किया। विधायक ने 5100 की नगद दान राशि समिति को प्रदान की गई। आगे कथा में गुरुदेव द्वारा महाभारत के विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से बताया कि महान धर्मात्मा पितामह भीष्म के सामने महारानी द्रौपदी का अपमान होता रहा। दुशासन द्रोपदी की साड़ी खींचता रहा। और समर्थ होने के बाद भी पितामह भीष्म ने अन्याय का विरोध नहीं किया। देखते रहे, इस कारण भीष्म को 56 दिन तक बाणो की सैय्या पर लेटना पड़ा। और जटायु ने सीता माता की रक्षा करने के लिए रावण जैसे बलशाली से युद्ध किया। गुरुदेव ने बताया कि भगवान की कृपा से यह मनुष्य शरीर मिला है। तो इसको धर्म और परोपकार के काम मैं लगायें। परहित सरिस धर्म नहीं भाई। पर पीड़ा सम नई अधमाई। मानव सेवा ही माधव सेवा है। गौ सेवा ही गोविंद सेवा है। इसके अलावा श्रीमद् भागवत की अनेक कथाओं का बड़े विस्तार से वर्णन किया। गुरुदेव द्वारा गाए हुए मधुर भजनों पर सभी स्त्रोतों द्वारा भाव विभव का नृत्य किया प्रसाद बहादुर सिंह शिक्ष की ओर से वितरण किया गया। संगीतकार जगदीश प्रजापति द्वारा गए मधुर भजनों पर विधायक जी समेत सभी भक्तों ने झूम-झूम कर नृत्य किया। इस अवसर पर विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ठाकुर, रामचरण वर्मा, महेंद्र सिंह ठाकुर, जेपी राठौर, बहादुर सिंह शिक्षक जितेंद्र सिंह सितोलिया, दीपक मोदी, अमन राठौर, अमित भारद्वाज खेरी, विजेंद्र सिंह बेदाखेड़ी, प्रहलाद सिंह धनगर, करण सिंह भगत जी, डॉ रतन सिंह, देवकरण सिंह पांचाल, बीरबल उमठ, गौरव मालवीय अमन राठौर, कृष यादव, सक्षम मालवीय,उमेश कुशवाहा,हिम्मत सिंह हरनावदा, रमेश श्रीवास्तव, राजाराम परमार सहित बड़ी संख्या में भक्तजन पधारे।

# जनपद शिक्षा केंद्र में हुई ब्लॉक स्तरीय समीक्ष बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




गुरूवार को राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा संचालित मिशन अंकुर कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद शिक्षा केंद्र, आष्टा के सभागार में बीआरसीसी अजब सिंह राजपूत की अध्यक्षता में मासिक बीपीएमयू समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आष्टा विकासखंड के जनशिक्षक, विकासखंड अकादमिक समन्वयक जिला शिक्षा कार्यालय से चंद्रशेखर वर्मा और फूलवती राठौर, मिशन अंकुर से जिला प्रभारी सुमन स्वर्णकार तथा अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में मिशन अंकुर के ब्लॉक स्तरीय क्रियान्वयन की प्रगति, विद्यालयों में आने वाली चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा की गई।

जिला शिक्षा कार्यालय से चंदर सिंह वर्मा ने जनशिक्षकों को मेंटरिंग प्रोटोकॉल का निर्देशानुसार पालन करने हेतु मार्गदर्शन दिया। वहीं, फूलवती राठौर ने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए कक्षा शिक्षण प्रक्रिया की सघन मॉनिटरिंग तथा शिक्षकों को अकादमिक सहयोग प्रदान करने में जनशिक्षकों की भूमिका को अत्यंत महत्त्वपूर्ण बताया।बैठक के दौरान बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने हेतु प्रत्येक विद्यालय में अभिभावक संपर्क रजिस्टर रखना अनिवार्य होगा तथा कम उपस्थिति वाले विद्यार्थियों से घर जाकर संपर्क सुनिश्चित किया जाएगा। बीएमयू बैठकों के निर्णयों की समीक्षा आगामी संकुल स्तरीय बैठकों में की जाएगी। मेंटर्स द्वारा एजूकेशन एमपी एप के अवलोकन बिंदुओं के आधार पर ही विद्यालयों को फीडबैक दिया जाएगा। शिक्षकों द्वारा ऑनलाइन मासिक ट्रैकर में डेटा सही एवं पूर्ण रूप से भरने एवं उसके सत्यापन की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाएगी। बैठक का समापन बीआरसीसी अजब सिंह राजपूत द्वारा इस आह्वान के साथ किया गया कि सभी जनशिक्षक अपने कार्यक्षेत्र के शिक्षकों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए मिशन अंकुर के लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु प्रतिबद्धतापूर्वक कार्य करें। उपस्थिति रहे अनिल कुमार श्रीवास्तव, देवजी मेवाड़ा, नारायण सिंह मेवाड़ा, मनोज कुमार विश्वकर्मा, शालिनी सारसिया, हरेंद्र सिंह ठाकुर, एवं अजीम प्रेम जी फाउंडेशन की टीम, जनशिक्षक उपस्थिति रहे।

# भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



भाजपा युवा मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर सोमवार को भोपाल में पदभार ग्रहण करने के लिए रवाना होते समय अल्प समय के लिए आष्टा बायपास पर रुके, जहाँ उनका युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष मनीष धारवा सहित कार्यकर्ताओं ने जोरदार और भव्य स्वागत किया।नगर अध्यक्ष मनीष धारवा ने प्रदेश अध्यक्ष को शाल-श्रीफल और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। स्वागत के दौरान कार्यकर्ताओं में भरपूर उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, वरिष्ठ भाजपा नेता सुशील संचेती, विशाल चौरसिया, मोहित सोनी, पवन वर्मा (बुल्लू), सुमित मेहता, रौनक डुमाने, दिनेश सोनी, मनीष राठौर, गोलू राठौर, संजय वर्मा, सौरभ जैन, शीतल जैन सहित बड़ी संख्या में भाजपा एवं युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर ने इस आत्मीय स्वागत से भाव-विभोर होते हुए नगर अध्यक्ष मनीष धारवा एवं समस्त युवा कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया और आगे युवाओं के नेतृत्व को मजबूत करने की बात कही। इसके बाद वे भोपाल के लिए रवाना हो गए।

# एक-एक कर जल रहे ट्रांसफार्मर, सप्लाई प्रभावित होने के कारण ग्रामीणों में कंपनी के खिलाफ रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



नगर मेहतवाड़ा में बिजली व्यवस्था पुरी तरह पटरी से उतर चुकी है। विगत तीन महीने से एक-एक कर मेहतवाड़ा की डीपी जल रही है। वहीं पुरे गांव की एक एक करके डीपी (ट्रांसफार्मर )जलने पर मालवीय समाज धर्मशाला की डीपी पर तार डालकर ओवरलोड कर जला दिया। दो डीपी का लोड तीसरी डीपी पर आ गया। हरिजन मोहल्ला का ट्रांसफार्मर भी जलकर खत्म हो गया। अब सभी उपभोक्ता मिलकर बाजार वाली और ज्ञान सिंह मामा वाली डीपी पर डायरेक्ट तार डालकर घरों को रोशन कर रहे हैं। बाजार में मामा वाली डीपी अधिक लौड के कारण उसकी केबल भी जल गई। झीन में बाजार वाली डीपी पर जो 200 के वी की डीपी है, सारा लोड आ जाने के कारण वह भी जलने की कगार पर है। प्रतिदिन केबल में आग लगती है और पूरे दिन घरों की लाइट बंद रहती है। सुपरवाइजर का कहना है जब तक 10 प्रतिशत बीजली बिल जमा नहीं होंगे डीपी नहीं लगेगी। इस तरह 10 परसेंट के चक्कर में विभाग लाखों रुपए का नुकसान कर रहा है। जब तक शक्ति कर अवैध तार न हटाया जाए एक के बाद एक डीपी जलती रहेंगी और विभाग का लाखों का नुकसान होता रहेगा। जब लोगों के घर में लाइट जल रही है तो वह आसानी से बिल जमा क्यों करवाइए। विभाग की लापरवाही के कारण बिजली की व्यवस्था पुरी तरह से ध्वस्त होती जा रही है। जब भी लाइट आती है कभी हाई वोल्टेज और कभी लो वोल्टेज आता है। जिसके कारण व्यापारियों का इलेक्ट्रिक उपकरण जलने से नुकसान हो रहा है। अनेक बार शिकायत करने पर कोई एक्शन नहीं लिया जा रहा है। बाजार वाली डीपी में 1 महीने से प्रतिदिन केबल में आग लग रही है। विभाग को ऐसा लगता है जैसे कुछ हुआ ही नहीं। शायद विभाग कोई बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है।

### नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार से कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने की मुलाकात

# भाजपा की तानाशाही का महापुरुषों के विचारों से मुकाबला करेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार से प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यसमिति सदस्य तथा पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष कैलाश परमार ने भेंट कर वर्तमान परिवेश में राजनीति के अवमूल्यन तथा सत्तारूढ़ भाजपा द्वारा की जा रही लोकतंत्र विरोधी गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की।

पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार ने जन सरोकार से जुड़े मुद्दे विधानसभा में मुखरता से उठाने पर नेता प्रतिपक्ष को साधुवाद देते हुए कहा कि कांग्रेस की राजनीति भारत के सांस्कृतिक गौरव, इतिहास के सबक और लोक परम्पराओं पर आधारित है। हमारे ऋषि मनीषियों और महापुरुषों के साथ ही स्वतंत्रता आंदोलन के नेताओं ने आम आदमी की जरूरतों और उसकी भौतिक और मानसिक स्थिति के अनुरूप ही इस देश को संवैधानिक व्यवस्था दी है। जिसे नष्ट करने का प्रयास भाजपा द्वारा किया जा रहा है। उमंग सिंगार से चर्चा के दौरान कैलाश परमार ने आष्टा विधानसभा और भोपाल विदिशा तथा देवास संसदीय क्षेत्र की राजनीतिक और प्रशासनिक स्थिति पर भी महत्वपूर्ण चर्चा की। इस अवसर पर कैलाश परमार ने उमंग सिंगार को जैनाचार्य विद्यासागर जी महाराज का साहित्य भेंट करते हुए कहा कि हमारी कांग्रेस की नीतियों पर महापुरुषों के कृतित्व और विचारों का गहरा प्रभाव रहा है. आचार्य श्री की सोच और प्रेरणा का असर सामाजिक कल्याण, जीवन शैली में आत्मनिर्भरता, स्वाध्याय, सेवा-भाव और लघु उद्योगों जैसे हथकरघा, ग्राम-समुदाय में जागरूकताके समर्थन जैसे विषयों पर दिखता है। उनके उपदेशों, प्रेरणाओं और सामाजिक प्रेरक कार्यों से स्पष्ट है कि वे स्वावलंबन, सेवा, जीवन कल्याण और स्थानीय समुदाय में विकास की प्रेरणा देते थे। शिक्षा स्वास्थ्य-समाज सेवा के काम भी उनकी प्रेरणा से हुए हैं।

# कुशवाहा समाज ने विधायक कैलाश कुशवाहा को मिली जानलेवा धमकी को लेकर सौंपा ज्ञापन, कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



प्रांतीय कुशवाहा समाज मध्यप्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पोहरी विधायक श्री कैलाश कुशवाहा को 07 दिसंबर 2025 की रात्रि दो अलग-अलग मोबाइल नम्बरों से प्रभात रावत एवं रवि रावत द्वारा जान से मारने की धमकी देने तथा अभद्र भाषा का प्रयोग करने की घटना पर प्रदेशभर के कुशवाहा समाज में गहरा रोष व्याप्त है।

इसी संबंध में आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी व विधायक कैलाश कुशवाहा को सुरक्षा प्रदान किए जाने की मांग को लेकर कुशवाहा समाज द्वारा गुरुवार को जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। सिहोर जिला अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद नरेंद्र कुशवाहा के नेतृत्व में तहसीलदार श्री राम पगारे को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन का वाचन जिला अध्यक्ष ने किया। समाज ने कहा कि गंभीर आपराधिक कृत्य के बावजूद आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं, जबकि पूर्व में भी सोशल मीडिया पर धमकियां दी जा चुकी हैं।कुशवाहा समाज ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र, सख्त एवं निष्पक्ष कार्रवाई नहीं की गई तो समाज को प्रदेशभर में आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।